**As part of Ek Bharat Shrestha Bharat Exchange (EBSB) Programme three faculty, one PhD Scholar and Five student delegates of Goa University visited Ranchi University from 17 to 19 Feb. 2025**

दैनिक भास्कर रांची 19-02-2025



रांची • बुधवार 19 फरवरी, 2025

City भास्कर 06

कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम • गोवा के स्टूडेंट्स आज भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का भ्रमण करेंगे

# गोवा के छात्रों ने गोंयचो नृत्य में राज्य की संस्कृति दिखाई

सिटी रिपोर्टर | रांची

कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के दूसरे दिन गोवा यूनिवर्सिटी से रांची यूनिवर्सिटी आए छात्रों ने मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कल्चरल इवेंट में झारखंड की परंपरा व संस्कृति को देखा। आरयू के छात्रों ने कड़सा नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी। नागपुरी गीत में झारखंड की खूबसूरती व पर्व-त्योहार को बताया। वहीं गोवा के छात्रों ने गोवा राज्य बनने के इतिहास व वहां के लोक-नृत्य की झलक दिखाई। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गोवा विवि के 9 छात्र 3 दिवसीय कार्यक्रम में रांची विवि आए हैं। गोवा यूनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। महामहिम ने सभी का स्वागत किया। प्रोग्राम के तीसरे दिन स्टूडेंट्स बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का भ्रमण करेंगे।

## झारखंड की 11 छात्राओं ने मंच पर कड़सा नृत्य की भव्यता दिखाकर मोहित किया

### पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी पहनी, खोपा में मोर पंख को सजाया

कार्यक्रम में टीआरएल डिपार्टमेंट की 11 छात्राओं ने मंच पर कड़सा नृत्य की भव्यता दिखाई। पारंपरिक लाल पाड़ साड़ी पहने, खोपा को गजरा व मोर पंख से सजाए, सिर पर कड़सा उठाए ढोल और नगाड़ा की थाप पर थिरकी। मंच संचालन शिक्षिका कुमुद मेहता ने किया। वहीं, डांस टीचर विपुल नायक के नेतृत्व में छात्रों ने मिले सुर मेरा तुम्हारा गीत पर नृत्य से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की झलक दिखाई।

### भरतनाट्यम नृत्य शैली में गणेश वंदना की प्रस्तुति दी

म्यूजिक शिक्षक मनीष के नेतृत्व में राष्ट्रगान व कुलगीत हुए। छात्रा ख्याति ने भरतनाट्यम नृत्य शैली में गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। डॉ. स्मृति सिन्हा ने सभी का स्वागत किया। देशभक्ति गीत संग आंबा मंजरे मधु मातले गीत गाए।

### गोवा के भारत में विलय की कहानी को मंचन कर दिखाया

छात्रों ने नाट्य मंचन में गोवा के भारत में विलय और उससे पूर्व भगवान परशुराम द्वारा इस क्षेत्र की रचना, मौर्य वंश के शासन की स्थापना, कोल्हापुर के सातवाहन वंश के शासकों का अधिकार, बादामी के चालुक्य शासकों का शासन और फिर पुर्तगाली शासन को दिखाया। छात्राओं ने गोवा की लोकनृत्य गोंयचो देखणी नृत्य की प्रस्तुति दी। इसमें भारतीय राग व पश्चिमी लय का मिश्रण था।



स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम • खूंटी के प्रसिद्ध रानी फॉल में पिकनिक मनाया

# गोवा यूनिवर्सिटी से आए छात्रों ने बिरसा मुंडा से जुड़ी जगहों उलिहातू, डोम्बारी बुरु का भ्रमण किया

सिटी रिपोर्टर | रांची

दैनिक भास्कर २०/०२/२०२५

एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत अकादमिक व कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम में 3 दिवसीय दौरे पर गोवा यूनिवर्सिटी से रांची यूनिवर्सिटी आए छात्रों ने बुधवार को खूंटी स्थित बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों ने भगवान बिरसा मुंडा के पड़पौत्र सुखराम मुंडा से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इसके बाद वे शहीद स्थल डोम्बारी बुरु गए। उन्होंने वहां बिरसा मुंडा के उलगुलान आंदोलन को जाना। छात्रों ने झारखंड की प्राकृतिक खूबसूरती को भी देखा। रानी फॉल से गिरते हुए पानी को देख खुश हुए। झारखंड के ग्रामीण रहन-सहन को देखने के लिए मुरहू पंचायत के दिगड़ी गांव पहुंचे। वहां उन्होंने मुखिया अंजना नाग के घर जाकर खेती-बारी और पशुपालन देखा। गोवा के शिक्षकों तथा छात्रों के साथ रांची यूनिवर्सिटी के शिक्षक डॉ. सुमित, डॉ. दीपाली, मनोज कुमार शर्मा तथा छात्र जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# उलिहातू पहुंचे गोवा विवि के विद्यार्थी

प्रभात खबर २०/०२/२०२५



**रांची.** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत एकेडमिक व कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा विवि से रांची विवि आये विद्यार्थियों ने बुधवार को खूंटी स्थित बिरसा मुंडा के जन्मस्थल उलिहातू भ्रमण किया. भगवान बिरसा मुंडा के पौत्र से बातचीत की. शहीद स्थल डोंबारी बुरु भी गये. रानी फॉल देखा और झारखंड के ग्रामीण रहन-सहन को देखने के लिए मुरहू पंचायत के दिगड़ी गांव पहुंचे. मुखिया अंजना नाग के घर जाकर खेतीबारी और पशुपालन देखा. गोवा के शिक्षकों तथा छात्रों के साथ रांची विवि के शिक्षक डॉ सुमित, डॉ दीपाली, मनोज शर्मा, जितेंद्र थे. शाम में टीम के सभी सदस्य विवि मुख्यालय में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिले.

समर्थन करने वाले शहरी नगर ... अश्विनी सोनी उपस्थित थे। ... भी इस महत्वपूर्ण जिले में शामिल ... दी।

# गोवा विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों की टीम रांची पहुंची

**अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आये हैं छात्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रविवार को गोवा युनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों की टीम रांची पहुंची। रविवार को रांची विश्वविद्यालय की स्वागत समिति के सदस्यों ने गोवा युनिवर्सिटी से आयी टीम के छात्रों/शिक्षकों का भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर स्वागत किया। गोवा से आयी टीम के समन्वयक डॉ वाल्टर मेनेजेस और सभी सदस्यों को रांची विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहराया गया है। रांची विश्वविद्यालय की डॉ स्मृति सिंह समन्वयक और सदस्य डॉ सुमित डे, डॉ दीपाली डुंगडुंग, बिपुल नायक,, जितेंद्र कुमार, सुमन प्रकाश, छात्र प्रतिनिधि जितेंद्र और अन्य ने गोवा से आयी टीम का स्वागत किया।

एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड को गोवा के साथ जोड़ा गया था। जिसमें गोवा युनिवर्सिटी ने अकादमिक तथा सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम के लिये रांची विश्वविद्यालय का चुनाव किया। 17-19 फरवरी तक गोवा युनिवसर्टी से आये छात्र एवं शिक्षक रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण करेंगे, कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे और मेहमान छात्र एवं शिक्षक झारखंड की कला संस्कृति तथा यहां के पर्यटन एवं एतिहासिक स्थलों को देखेंगे। कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो डॉ अजीत कुमार सिन्हा स्वयं अपनी देख रेख में इस अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

# गोवा की टीम ने उलिहातू का किया भ्रमण

रांची। रांची विश्वविद्यालय आई गोवा विश्वविद्यालय की टीम ने बुधवार को खूंटी स्थित बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू का भ्रमण किया और भगवान बिरसा मुंडा के पौत्र के साथ बातचीत की। साथ ही, शहीद स्थल डोम्बारी बुरु भी गए। गोवा टीम ने रानी फॉल भी देखा। झारखंड के ग्रामीण जीवन के रहन-सहन को देखने के लिए मुरहू पंचायत के दिगड़ी गांव पहुंचे।

हिंदुस्तान २०/०२/२५

# छात्रों ने अनुभव पर सुनाई कविता

रांची। अकादमिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय दौरे पर आई गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों की टीम को भ्रमण के अंतिम दिन बुधवार को रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय में कुलपति सभागार में विदाई दी गई। कुलपति ने गोवा टीम के सभी सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। गोवा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व समन्वयक डॉ वाल्टर मेनेजेस ने अपने रांची प्रवास के अनुभव साझा किए। एक छात्रा ने अपने अनुभवों पर आधारित कविता सुनाई।

कुलपति ने रांची विश्वविद्यालय की अकादमिक व सांस्कृतिक क्रियाकलापों के बारे में गोवा टीम को बताया और दोनों राज्यों के बीच मजबूत अकादमिक व सांस्कृतिक तालमेल बनाने पर जोर दिया। डॉ बीके सिन्हा ने भी अपने विचार साझा किए। गोवा टीम ने झारखंड की संस्कृति और मेहनवाजी को भरपूर सराहा। गोवा टीम गुरुवार की सुबह रांची से गोवा के लिए रवाना होगी।

हिंदुस्तान २०/०२/२०२५